भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2727

(दिनांक 19.12.2023 को उत्तर देने के लिए)

समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया जाना

2727. श्री हाजी फजलुर रहमानः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत चार वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश सहित देश में राज्य-वार कितने समाचार पत्र प्रकाशित हुए;

(ख) उक्त अवधि के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा विज्ञापन के लिए उक्त समाचार पत्रों को प्रदान की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जाने वाले विज्ञापनों के चयन हेतु निर्धारित मानदण्डों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस संबंध में प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क): भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक द्वारा अनुरक्षित रिकॉर्ड के अनुसार, 2018-19 से 2022-23 तक समाचार पत्रों सहित पंजीकृत नियतकालिक पत्रिकाओं का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक** के अनुसार है।

(ख): सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा 2019-20 से 2023-24 तक (12.12.2023 तक) प्रिंट मीडिया के माध्यम से भारत सरकार की स्कीमों और कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता/प्रचार अभियानों पर किया गया व्यय 967.46 करोड़ रुपए है।

(ग) और (घ): सीबीसी प्रिंट मीडिया विज्ञापन नीति, 2020 के अनुसार प्रिंट मीडिया के माध्यम से जागरूकता/प्रचार अभियान जारी करता है।

अनुलग्नक

'समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया जाना' के संदर्भ में दिनांक 19.12.2023 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2727 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

वर्ष 2018-19 से 2022-23 तक भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक (आरएनआई) के साथ पंजीकृत समाचार पत्रों सहित नियतकालिक पत्रिकाओं की राज्य-वार संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	31.03.2019 तक	31.03.2020 तक	31.03.2021 तक	31.03.2022 तक	31.03.2023 तक*
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	105	112	112	112	112
2	आंध्र प्रदेश	7042	5770	5798	5837	5930
3	अरुणाचल प्रदेश	32	32	32	32	33
4	असम	748	876	884	886	895
5	बिहार	1994	2177	2183	2191	2206
6	चंडीगढ़	582	645	646	646	650
7	छत्तीसगढ़	1604	1714	1754	1816	1883
8	दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव	53	54	55	55	57
9	दिल्ली	12912	16297	16351	16398	16445
10	गोवा	155	183	184	186	187
11	गुजरात	6240	7243	7340	7466	7608
12	हरियाणा	1924	2529	2558	2576	2618
13	हिमाचल प्रदेश	355	441	442	446	448
14	जम्मू और कश्मीर	1105	1209	1215	1223	1251
15	झारखंड	513	610	613	615	639
16	कर्नाटक	6963	7749	7862	8024	8296
17	केरल	3362	4550	4556	4565	4577
18	लद्दाख	-	7	7	7	7
19	लक्षद्वीप	7	7	7	7	7
20	मध्य प्रदेश	11666	12885	13106	13492	13955
21	महाराष्ट्र	16519	19631	19796	20098	20488
22	मणिपुर	183	254	254	255	256

23	मेघालय	101	119	119	119	119
24	मिजोरम	186	206	206	206	206
25	नागालैंड	26	29	29	29	30
26	ओडिशा	2159	2626	2648	2663	2704
27	पुदुचेरी	176	211	211	212	213
28	पंजाब	1999	3107	3120	3136	3152
29	राजस्थान	6581	7679	7710	7744	7800
30	सिक्किम	118	120	120	120	120
31	तमिलनाडु	6556	8704	8752	8801	8927
32	तेलंगाना	775	3376	3397	3426	3489
33	त्रिपुरा	162	169	170	171	175
34	उत्तर प्रदेश	18140	21022	21166	21336	21660
35	उत्तराखंड	3531	3578	3607	3626	3652
36	पश्चिम बंगाल	5421	7502	7510	7523	7568
	कुल	**119995**	**143423**	**144520**	**146045**	**148363**

*2022-23 के आंकड़े अनंतिम हैं क्योंकि प्रेस इन इंडिया 2022-23 अभी संकलनाधीन है।